तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलार्थीगण एवं अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट संख्या 3, 4 व 6 उपस्थित। रेस्पोडेन्ट संख्या 1, 5 व रेस्पोडेन्ट संख्या 2 के विधिक वारिसान की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता अपीलार्थीगण ने आज भी रेस्पोडेन्ट संख्या 1, 5 व रेस्पो. 2 के विधिक वारिसान की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता अपीलार्थीगण ने प्रकरण प्रस्तुत करने की दिनांक 14.09.2022 के पश्चात् लगभग 03 वर्ष 08 माह की अवधि व्यतीत होने बाद भी आदिनांक तक तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किये। जबकि नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु अधिवक्ता अपीलार्थीगण को कई बार निर्देशित किया जा चुका है। अधिवक्ता अपीलार्थीगण को पेशी दिनांक 11.02.2026 पर न्यायहित में अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया था कि आगामी पेशी पर रेस्पोडेन्ट संख्या 1, 5 व रेस्पो. संख्या 2 के विधिक वारिसान की तामील हेतु अनिवार्य रूप से नोटिस प्रोसेस पेश करें तथा नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर पत्रावली में कोई अवसर देय नहीं	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

होकर पत्रावली नोटिस के अभाव में खारिज कर दी जावेगी फिर भी अधिवक्ता अपीलार्थीगण ने आज भी तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किये अर्थात् अधिवक्ता अपीलार्थीगण अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official